प्रो.भरत राज सिंह को मिला साहित्य गौरव सम्मान

सम्मान ग्रहण करते भरत राज सिंह

■ राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 21 विभूतियों को मिला सम्मान

लखनऊ। प्रभात

राज्य कर्मचारी सहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित पुरस्कार एवं सम्मान समारोह वर्ष 2016-17 में हिंदी लेखन के विशिष्ट क्षेत्रो में साहित्य गौरव सम्मान के साथ प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नगद पुरस्कार से स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ महानिदेशक भरत राज सिंह को दिया गया । इन्हें पाताल लोक की खोज व वैदिक विज्ञान के अनेक लेखों के समाज को, अपने ठोस सबूतों के साथ पौराणिक ग्रंथो की प्रमाणिकता से अवगत कराने के लिए दिया गया। इनके साथ ही प्रो0 अलका पाण्डेय, डॉ0 महेश चन्द्र, अनिल त्रिपाठी, श्री राम नगीना मौर्या, श्रीमती शीला पाण्डेय आदि समेत 21 विभूतियों को भी साहित्य गौरव सम्मान व प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

हिंदी साहित्य संसथान के यशपाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, उ0 प्र0 अध्यक्ष, उ0प्र0लोक सेवा प्राधिकरण, विशिष्ट अतिथि पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त अनीस अंसारी थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान डॉ0 हरी ओम, की ओर से की गयी। इस आयोजन में डॉ0 दिनेश चन्द्र अवस्थी, महामंत्री के मार्ग दर्शन व उनके अन्य पदाधिकारियों के कुशल नियंत्रण और सहयोग रहा।